卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 184 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦11 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## नशा मुक्ति केन्द्र में युवक की मौत, हत्या की आशंका

### परिवारजनों ने किया हंगामा, सड़क जाम

देहरादून(उद संवाददाता)। चंद्रबनी स्थित नशा मुक्ति केंद्र अराध्या फाउंडेशन में 24 वर्षीय युवक की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। केंद्र का स्टाफ मृतक के शव को घर के बाहर छोड़कर चला गया। मृतक के शव पर पर चोटों के निशान भी हैं। क्लेमेनटाउन पुलिस ने केंद्र के कर्मचारियों से पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चंद्रबनी में पिछले कुछ दिन से नशा छुड़ाने के लिए आराध्य नशामुक्ति केंद्र में दाखिल क्लेमेनटाउन के टर्नर रोड गली नंबर एक निवासी 24 वर्षीय सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू की मौत हो गई। मृतक सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू की बहन गुंजन ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7 बजे वह घर पर सो रहे थे। इसी दौरान अचानक एक कार आई और उनके भाई को घर के बाहर फेंक कर चली गई। वह सिद्धार्थ को कमरे के अंदर ले गए जहां उसकी सांस नहीं चल रही थी। सिद्धार्थ के हाथ तोड़े हुए हैं और पीठ व शरीर के निचले हिस्सों पर चोटों के निशान हैं। गुंजन ने बताया कि सिद्धार्थ नशा करता था, जिसके चलते उसे 19-20 मार्च को नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल (शेष पृष्ठ सात पर)



## संपादक परमपाल सुखीजा की माता जी पंचतत्व में विलीन

### हजारों लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण के संपादक परम सुखीजा पम्मी की माताजी कांता रानी सुखीजा का गत प्रात: लंबी बीमारी के पश्चात निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर एवं पत्रकारों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। लोगों ने श्री सुखीजा के श्याम टाकीज रोड स्थित आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. कांता सुखीजा का सायंकाल किच्छा मार्ग स्थित मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार किया गया। जहां नगर एवं आस पास क्षेत्रों से आए लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। ज्ञात हो कि परम सुखीजा के बड़े भाई उत्तरांचल दर्पण के संस्थापक तिलक सुखीजा, शम्मी सुखीजा और पिता हरनाम दास सुखीजा का पूर्व में स्वर्गवास हो चुका है। श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व पालिका अध्यक्षा मीना शर्मा, विजय सुखीजा, डॉक्टर भारत रावत,बलबीर सुखीजा ,भारत भूषण चुघ, सुशील गाबा, विधायक प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, संजय ठुकराल,सौरभ राज बेहड़, गुरमीत सिंह, सीए अशोक सिंघल, सीए सारांश सुखीजा,विकास सुखीजा, सुनील सुखीजा, अनिल (शेष पृष्ठ सात पर)



## आग से घर में फटा सिलेंडर, पांच लोग झुलसे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र की अरविंद नगर बस्ती में स्थित बंद घर में आग लगने के बाद गैस सिलिंडर फट गया। इससे आग बुझाने का प्रयास कर रही महिला समेत पांच लोग झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंचे दमकल ने आग को काबू किया। जानकारी के मुताबिक ट्रांजिट कैंप, जगतपुरा स्थित अरविंद नगर निवासी वीर पाल अपनी पत्नी अनिता और तीन पुत्र विकास, अनिल और जतिन के साथ रहते हैं। मंगलवार सुबह विकास मेडिकल स्टोर में काम करने चला गया हुआ था। जबकि उसके दो छोटे भाई स्कूल गए हुए थे। जिसके बाद वीरपाल और अनिता घर में ताला लगाकर अपने काम पर चले गए थे। 9 बजे के आसपास घर में आग लग गई। घर से धुंआ उठता देख आसपास रहने वाले लोग एकत्र हुए और आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। लेकिन इस बीच तेज धमाके के साथ घर में रखा एक सिलिंडर फट गया। जिससे आग बुझाने का प्रयास कर रहे पड़ोसी शांति शर्मा पत्नी रमेश चंद्रा, अरूण कुमार पुत्र महिपाल सिंह, गौतम विश्वास पुत्र गजेंद्र विश्वास, अजय कुमार पुत्र मोहन लाल और राहुल कुमार पुत्र महिपाल सिंह आदि पांच लोग (शेष पृष्ठ सात पर)









## व्यापारी के घर में आग से लाखों की क्षति

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव पुलिस चौकी क्षेत्र के महावीर गंज में एक व्यापारी के मकान में आग लग गई। मकान में आग लगने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मकान में रह रहे लोगों ने बाहर निकल अपनी जान बचाई लेकिन आग ने पूरे मकान को अपने चपेट में ले लिया। वहीं मकान में रखा सारा घरेलू सामान फर्नीचर कपड़े जलकर खाक हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि मकान गली में होने के चलते अग्निशमन को आग बुझाने में काफी परेशानी उठानी पडी। जिसके चलते ज्यादा नुकसान हुआ है। प्रथम दृष्टया कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। अग्निशमन अधिकारी गोविंद(शेष पृष्ठ सात पर)



## किशोर के साथ दुष्कर्म

काशीपुर। नाबालिग किशोर को बहला-फुसलाकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि मोहल्ला किला निवासी हकीम फैसल नामक व्यक्ति ने बीते 10 अप्रैल को उसके 14 वर्षीय नाबालिग पुत्र के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 377 आईपीसी के अलावा 4/6 पोक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## दबंगों का तांडव, फल विक्रेता से छीनी नगदी

काशीपुर(उद संवाददाता)। शराब पीने के लिए पैसे ना देने पर दबंग किस्म के लड़कों ने फल विक्रेता को मारपीट कर लहूलुहान करते हुए उसके जेब से 3200 रुपयों की नकदी निकाल ली और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए हैं। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर बांसफोड़ान निवासी फैजान पुत्र यामीन ने बताया कि वह फल का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण किया करता है। बताया कि बीते 2 अप्रैल की रात्रि लगभग 9:00 बजे जब वह ठेला बंद करके वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी मजरा स्कूल के पास अरशद उर्फ काले अजमत व छोटे पुत्रगण नईम निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी ने उसे जबरन रोक लिया और डंडा दिखाते हुए शराब पीने के लिए 500 की डिमांड करने लगे। रुपए देने से मना करने पर उपरोक्त तीनों ने फल विक्रेता की लात घुसा से बुरी तरह पिटाई करने के बाद उसकी कनपटी पर डंडे से प्राणघातक हमला करते हुए बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। इस दौरान घायल फल विक्रेता की जेब से उपरोक्त तीनों ने बिक्री के 3200 रुपए निकाल लिए। शोर-शराबा होता देख मौके पर जब भीड़ जमा होने लगी तो आरोपी वहां से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि सभी तीनों आरोपी नशेड़ी की प्रवृत्ति के हैं एवं पूर्व में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने उपरोक्त मामले में तीनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए हैं।

**कृषि भूमि बिकाऊ**

7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है
Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी
लोकेशन: गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशन: गूलरभोज (6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्ट: पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहर: गदरपुर (4 किमी)
okLrfod [kjhnnkj
l|id dj&9891277500




## चैती मेले में जुट रही हजारों की भीड़ बड़े खतरे का संकेत

### मेले में जगह-जगह पसरी गंदगी एवं खुले में बिक रहे खाद्यान्न पैदा कर सकते हैं मुश्किल

■ **मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। देश में एक बार फिर से कोरोना की दस्तक के बीच चैती मेले में जुट रही हजारों की भीड़ महामारी को लेकर बड़े खतरे का संकेत है। ज्ञातव्य है कि उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध चौती मेले के आरंभिक दौर में खराब मौसम की वजह से लगा कि मेला इस वर्ष खराब जाएगा लेकिन मौसम के साफ होते ही चौती मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ने लगी। उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध चौती मेले में इन दिनों हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं लेकिन काबिले गौर यह है कि अधिकांश के चेहरे पर मास्क नहीं देखे जा रहे हैं और ना ही कहीं कोई सैनिटाइजर आदि के प्रयोग की व्यवस्था है। ऐसे में यदि महामारी ने लोगों को चपेट में लेना शुरू कर दिया तो अतिशयोक्ति नहीं होगा। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2020-21 में विश्व भर के साथ ही भारत में भी महामारी का प्रकोप अत्यधिक होने के कारण ऐतिहासिक चौती मेला दो वर्ष लगातार प्रभावित रहा। कोरोना का प्रभाव खत्म होने के बाद वर्ष 2022 में मेला लगाया गया लेकिन महामारी के डर के कारण अपेक्षित भीड़ नहीं जुट सकी। प्रशासन ने इस वर्ष ऐतिहासिक चौती मेले के बेहतर इंतजाम किए तो महामारी ने तेजी से एक बार फिर से पांव पसारना शुरू कर दिया है ऐसे में चौती मेले में उमड़ रही हजारों की भीड़ बड़े खतरे का संकेत देती है। महामारी से बचाव के मेले में कहीं कोई इंतजाम दिखाई नहीं देते। चंपावत में इंटर की छात्रा की कोरोना से मौत का मामला(शेष पृष्ठ सात पर)



# नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के भारत विकास परिषद शाखा द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नरेन्द्र अरोरा,विशिष्ट अतिथि अग्रसेन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल,प्रान्तीय महासचिव नरेश कंसल,कार्यक्रम संयोजक राकेश त्यागी,महिला संयोजिका सीमा सिंघल ने मां भारती व स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मेडीसिटी अस्पताल रुद्रपुर से वरिष्ठ कार्डियोलोजिस्ट डाक्टर रश्मि जैवियर,वरिष्ठ नेत्र सर्जन डाक्टर आदित्य अग्रवाल,वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डाक्टर पुनीत गोयल,वरिष्ठ हड्डी सर्जन डाक्टर अतुल पाण्डेय, वरिष्ठ गाईनो सर्जन डाक्टर रिचा पंत ने अपनी टीमों के साथ स्वास्थय व नेत्र परीक्षण किया।भारत लैब रुद्रपुर के द्वारा निशुल्क जांच केन्द्र भी लगाया गया।मुख्य अतिथि नरेन्द्र अरोरा ने कहा कि समाज का जो वर्ग अपना ईलाज करवाने में समर्थ नहीं होता है,समय समय पर इस प्रकार के कैम्प से हमारी शाखाएं अपनी सेवाभाव से काम करती हैं,और ये सेवा का क्रम अनवरत इसी प्रकार हमेशा जारी रहेगा।कार्यक्रम संयोजक राकेश त्यागी ने बताया कि आंखो की जांच कर मोतियाबिन्द के मरीजों का निशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन होगा,शिविर में अभी तक 286 लोगों का पंजीकरण हुआ है।अध्यक्ष सुरेश जैन सभी का आभार जताया व परिषद की सेवाभाव को सर्वोपरि बताया। इस मौके पर प्रान्तीय प्रकल्प संयोजक अजीत सिंह जोशन,प्रान्तीय मीडिया प्रभारी महेश मित्तल,अध्यक्ष सुरेश जैन,संरक्षक पवन बड़सीवाल,मनीष मित्तल,मनोज जिन्दल,सुखदेव सिंह ,देवेन्द्र जीत सिंह, राजू हरियाणवी, अनन्त प्रकाश शुक्ला, उमराव मल मनराल, सन्तोष मिश्रा, अंकुर गुप्ता, महिला संयोजिका सीमा सिंघल, आकांक्षा अग्रवाल, प्रिंयका सिडाना, सरोज कंसल,पूनम झिंझारिया, निधि बंसल, संचालन उपाध्यक्ष हरीश तनेजा ने किया।



# तारकनाथ धाम में शुरू हुआ पांच दिवसीय मेला

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।क्षेत्र के सुरेंद्र नगर (शक्तिफार्म न.5 ) के बाबा तारक नाथ धाम में कावड़ियों व हजारों श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया। सुरेंद्र नगर के आस्था के प्रतीक पौराणिक शिव मंदिर जिसे बाबा तारक नाथ धाम के नाम से जाना जाता है।चैत्र माह को शिव आराधना के लिए विशेष माना जाता है। चैत्र माह में शिव भक्त प्रथम दिन से ही शिव भक्त भक्ति में लीन हो जाते है। माह भर शिव भक्त भगवान शिव को पुरा समय दे कर भक्ति भाव से अपने आप को समर्पित कर देते है। क्षेत्रीय व दूर दराज से भक्त यहाँ पहुंच कर पूजा अर्चना करते है। चौत्र माह के चौथे सोमबार को प्रात:काल से शाम तक हजारो की संख्या में शिव भक्त तारक नाथ धाम भगवान शिव के दर्शन व जलाभिषेक करने पहुँचे। हजारो श्रद्धालुओ ने कैलाश नदी से पवित्र जल भर कर भगवान शिव के तारक नाथ धाम के शिव मंदिर में दर्शन कर जलाभिषेक किया। पूरा माहौल भोले नाथ के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। चारो ओर बाबा के भक्तो की भीड़ नजर आ रही थी। कई भक्तो ने भोले बाबा को बेलपत्र, फूल,तुलसी व दूध से अभिषेक कियाा। वही मंदिर के ठीक पीछे बने तालाब जो की दूध पुकुर के नाम से जाना जाता है,उसमे भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाई। हरिद्वार से जल भरकर काँवरियो की अलग अलग टोली जलाभिषेक करने पहुँचे व जगह जगह उनका स्वागत किया गया। तारक नाथ धाम पूजा कमेटी ने सभी भक्तो के सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था की है। आज से पांच दिवसीय मेले का शुभारम्भ हो गया। जिसमे ब्रह्मा पूजा,काली पूजा, शीतला पूजा , व सायं काल को महा अविष्य होना है। पाँच दिवसीय मेले में कांटा झांप कलकत्ता के चड़ोक बाबा द्वारा चड़ोक पूजा,शिव बारात,शिव विवाह , विशाल भण्डारा व मेले में बिभिन्न दुकाने ,बड़े- बड़े झूले ,बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल कुद व सर्कस आदि आकर्षण का केंद्र रहेगा। मेले व पूजा का आयोजन पूजा कमेटी व सुरेंद्र नगर के ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न हो रहा है।



# राष्ट्रीय अधिवक्ता परिषद ने मनाया महिला सशक्तिकरण दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय अधिवक्ता परिषद द्वारा गत दिवस जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं की भूमिका एवं महिलाओं को कैसे सशक्त किया जाये विषय पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में परिषद सदस्य एवं अधिवक्ता सुभाषिनी द्विवेदी, सुशीला बिष्ट, चंचलश सहाना बेगम, रेनू तिवारी, पारूल, रूबीना आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता उमा गक्खर ने किया। पस मौके पर विजय लक्ष्मी, नीतू चौहान व साजिया आदि अधिवक्ता मौजूद थीं।



# पूर्णागिरी धाम के लिए बसों को किया रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 28 सुभाष कॉलोनी स्थित गल्ला मंडी पंचमुखी मंदिर के पास से मां पूर्णागिरि धाम के लिए श्रद्धालुओं की दो बस को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु मां के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है ।हर वर्ष पूर्णागिरि धाम में लगने वाले मेले में तराई से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर कमल राणा ,महेंद्र आर्य , सूरज ग्रोवर ,राजेंद्र सागर, राजू सागर, सोनू सागर, मोनू सागर ,बाबू, राजू, राहुल, शीतल ,राकेश ,दीपा, राखी, राजू ,सुमित ,रोहन, सागर, सचिन, मोहित, गोपी ,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे




# संपादक सुखीजा की माता के निधन पर जताया शोक

नानकमत्ता/सितारगंज(उद संवाददाता)।वरिष्ठ पत्रकार एवं उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माता जी के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र के पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है, रुद्रपुर निवासी उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माता कांता रानी का निधन सोमवार को गया था, जो कि काफी समय से बीमार चल रही थी, उनके निधन पर विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, जिला उपाध्यक्ष व्यापार मंडल उमेश अग्रवाल,पत्रकार वीरेंद्र तिवारी, सुरेश गुलाटी, अनिल सागर, प्रवेश सिंह राणा, गुरबख्श सिंह,हरिमोहन, परमजीत सिंह आदि शामिल थे। **सितारगंज।** नगर के पत्रकारों ने सांध्य दैनिक उत्तराँचल दर्पण अखबार के सम्पादक परमपाल सुखीजा की माता श्रीमती कांता रानी सुखीजा के आकस्मिक निधन पर दु:ख जताते हुये शोक व्यक्त किया। मंगलवार को पत्रकार अबरार अहमद के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना की गई। एवं इस दुख की घड़ी में परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार यामीन अंसारी, राजेंद्र तिवारी, अविनाश श्रीवास्तव, हनीफ बाबा, अबरार अहमद, कासिम अंसारी,कफील अहमद, अनीश रजा, सानू, शेखर पंत आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी युगल किशोर पन्त ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो, अलार्म व सीसी टीवी कैमरों को भी चौक किया। उन्होंने सुरक्षात्मक एवं निगरानी की दृष्टि से वेयर हाउस के बाहर लगे उपकरणों की समय-समय पर जांच करने के निर्देश सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, प्रशासनीक अधिकारी मोहन सिंह कोरंगा, राजनैतिक दलों में समाजवादी पार्टी से योगेन्द्र यावद, भाजपा से राम प्रकाश गुप्ता, बीएसपी से महेन्द्र सिंह, ओमकार सिंह सहित ड्यूटी प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# 20 स्कूलों के निरीक्षण में 10 में मिलीं महंगी किताबें

सितारगंज(उद संवाददाता)। एसडीएम तुषार सैनी के निर्देश पर बीईओ डीएस राजपूत ने चार टीमो का गठन कर नगर क्षेत्र में संचालित निजी स्कूलों का निरीक्षण किया। टीम ने क्षेत्र के करीब 20 निजी स्कूलों का औचक निरीक्षण करते हुये विद्यालयों में खामियां पाई। विद्यालयों की ओर से ड्रेस व महंगी किताबें खरीदने व फीस में कई गुना बढ़ोतरी के मामले भी जांच की। करीब दस स्कूलों में महंगी किताबें जांच टीम को मिली। बीईओ राजपूत ने बताया कि शासन के निर्देशों का पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों के विपरीत फीस बढ़ाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि महंगी किताबें खरीदवाने वाले स्कूलों के खिलाफ नोटिस जारी किए जाएंगे।

# मुखर्जीनगर से बाईक हुई चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि मुखर्जीनगर जगतपुरा में एक घर के बाहर खड़ी मोटर साईकिल अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मदन बाछाड़ पुत्र दिपांकर बाछाड़ निवासी जगतपुरा मुखर्जी नगर वार्ड 5 ट्राजिट कैम्प नें कहा है कि 9 अपैल को रात्रि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एजेड 5278 को अपने घर के पास लॉक लगाकर खड़ा किया था। सुबह जब वह घर के बाहर गया तो देखा कि उसकी मोटर साइकिल वहां पर नहीं थी। जो किसी अज्ञात व्यक्तिं द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फोन पर धमकाने का लगाया आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फोन पर एक व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में रजत दीक्षित पुत्र सुशील दीक्षित निवासी वीर हकीकत राय मार्ग ने कहा है कि 10 अप्रैल को रात्रि के वह अपने मित्र निवासी शिमला बहादुर फुलसुंगी के घर पर बैठा था। इसी दौरान उसके मोबाईल पर एक कोल आयी जिसने अपना नाम सन्दीप निवासी शिमला बहादुर बताया। रजत का आरोप है उस व्यक्ति ने कई बार उससे गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कुमाऊ द्वार महोत्सव में पहुंचे सीएम धामी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को एमबी इन्टर कालेज हल्द्वानी में कुमाऊ द्वार महोत्सव 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चलने वाले महोत्सव में प्रतिभाग ते हुए गुब्बारे छोडे। श्री धामी ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से जहां हमारी संस्कृति एवं कल्चर को संजोने का कार्य किया जाता है वही हमारे युवा इस प्रकार के कार्यक्रम से जागरूक होते हैं। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजनों से जहा उत्तराखण्ड की संस्कृति एवं कल्चर को बढावा मिलता है वही आयोजन स्थलों पर उत्तराखण्डी उत्पादों के स्टाल लगाकर यहां के उत्पादों को मार्केट के साथ ही लोगों को उनकी पहचान के बारे में जानकारियां मिलती है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कुमाऊं द्वार महोत्सव के आयोजक गोविन्द दिगारी एवं खुशी जोशी दिगारी, सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर श्री धामी ने कलाकारों को भी पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कलाकार मोहन पाण्डे, आकाश नैनवाल, अरशद, मीशु, शानु विवेक ललित ,जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक राम सिंह कैड़ा, सरिता आर्य, अनिल कपूर डब्बू, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत आई जी नीलेश आनंद भरणे, डीएम श्री धीराज सिंह गर्ब्याल,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट के साथ ही बच्चे महिलायें एवं गणमान्य उपस्थित थे। कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में 'कुमाऊं द्वार महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया है। हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में पांच दिवसीय महोत्सव 11 अप्रैल सम्पन्न होगा। इसमें उत्तराखंड की लोककला, लोक संस्कृति, पहनावे व खानपान की झलक देखने को मिलेगी। वहीं महोत्सव मेंबॉलीवुड स्टार नाइट का भी आयोजन किया है।





# पुण्यतिथि पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

खटीमा(उद संवाददाता)। रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के पिता स्वर्गीय शेर सिंह धामी की तीसरी पुण्यतिथि रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर की शुरुवात स्वर्गीय शेर सिंह धामी के पिता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।इस दौरान 36 यूनिट रक्त युवाओं के द्वारा रक्तदान किया गया। मोर्चे के जिलाध्यक्ष शशांक बिष्ट के प्रयास से आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत ने प्रमाण पत्र सौंपे और उनकी सराहना की। भाजपा नेत्री अंजू सिंह ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रक्त प्राप्त हो सके इस लिए हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चहिए। रक्तदान करने वालों में राहुल सक्सेना, मनोज वाधवा, रमेश जोशी, सुशांत बिष्ट, राहुल पटेल आदि थे। इस अवसर पर अमित पांडेय, प्रमोद गड़कोटी ,व्यापार मंडल महामंत्री हिमांशु अग्रवाल, अरुण सक्सेना,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चन्द्र जोशी,दीपक तिवारी , रेणु भंडारी,संतोष अग्रवाल, अनिल ओली आदि मौजूद रहे।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान ( रजिस्ट्रीशुदा ) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
7017360462

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

# सांसद भट्ट से की काठगोदाम से अमृतसर प्रतिदिन रेल सेवा शुरू करवाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल ने क्षेत्रीय सांसद केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट से उनके ग्राम कनकपुर



गौशाला भ्रमण के दौरान मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। श्री चुघ ने कहा कि राज्य के तराई क्षेत्र में लाखों की संख्या में पंजाबी भाषी लोग निवास करते हैं। जिनका पंजाब में रिश्तेदारी तथा व्यापार आदि कार्यों के लिए आवागमन लगा रहता है। पिछले कई वर्षों से पंजाबी समाज द्वारा काठगोदाम से प्रतिदिन अमृतसर के लिए रेल सेवा प्रारंभ की मांग की जा रही है। लेकिन समाज की उचित मांग पर कोई सार्थक कार्रवाई नहीं हो रही है। जिस कारण यह समाज स्वयं को सरकार से उपेक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने श्री भट्ट से कहा कि इस संदर्भ में पूर्व किए गए आग्रह का सम्मान करते हुए आपके द्वारा संसद में इस मांग को रखा भी गया था। परंतु अभी तक कोई भी सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए। श्री चुघ ने कहा कि ने कुमाऊं क्षेत्र निवासी हजारों देश के सैनिकों की पाकिस्तान सीमा पर ड्यूटी लगी है जिन्हे घर आना होता है। वहीं पंजाब में स्थित, धार्मिक स्थल हरमिंदर साहिब, राधा स्वामी सत्संग आदि के दर्शन करने भी हजारों श्रद्धालु जाते हैं। अमृतसर व लुधियाना प्रमुख व्यापारिक केंद्र होने से भारी संख्या में व्यापारियों का भी पंजाब जाना लगा रहता है। यदि काठगोदाम से अमृतसर प्रतिदिन रेलसेवा प्रारंभ की जाती है तो निश्चित रूप से रेलवे को लाभ ही मिलेगा। इसलिए इस रेलसेवा को जनहित में प्रारंभ किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में उत्तरांचल पंजाबी महासभा जिला सचिव बलजीत सिंह गाबा, सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा, नरेंद्र ठुकराल, प्रकट सिंह, बाबा सेवा सिंह, अमित मदान, ग्राम कनकपुर के प्रधान जसवंत सिंह, महाराजपुर की बीडीसी सदस्या मेघा ठुकराल, गुरचरन सिंह, विनोद मदान, रवि ठुकराल, राजू बत्रा, अमरजीत सिंह विर्क, बंटी विर्क, दीपक जल्होत्रा, अमित कालड़ा, किशन चुघ, नवजोत सिंह, लक्की मक्कड़ व वरूण मदान आदि शामिल थे।

# श्याम बाबा के संकीर्तन भजनों पर झूमे श्रद्धालु

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 4 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में विगत रात्रि अखिल भारतीय श्री श्याम परिवार द्वारा खाटू श्याम जी के भव्य सकीर्तन का आयोजन किया गया।उक्त सकीर्तन में श्याम जगत के सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक बहन अंजली द्विवेदी





(बरेली),व दिल्ली वाले मास्टर बॉबी ने मधुर मधुर भजनों से भक्तो को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। सकीर्तन के दौरान नैनीताल लोकसभा सांसद व केंद्रीय रक्षा मंत्री अजय भट्ट व भाजपा जिलाध्यक्ष गुजन सुखीजा ने श्याम चरण में माथा टेका। सांसद अजय भट्ट ने कहा खाटू वाले श्याम के दर्शन मात्र से ही मनोकामना पूर्ण हो जाती है आज अखिल भारतीय श्याम परिवार ने जो अलख जगाकर सनातन धर्म को मजबूत किया है उन्हें भव्य आयोजन की बहुत बहुत बधाई हो। भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने अखिल भारतीय श्री श्याम परिवार के सभी सदस्यों को बाबा श्याम के आगमन व भव्य सकीर्तन की बधाई देते हुए बाबा श्याम से क्षेत्र की खुशहाली की काँमना की।उन्होंने कहा आज बाबा के सकीर्तन में आकर वह अपने आप को भाग्यशाली मानते है। उन्होंने कहा आज दरबार मे हजारों श्याम प्रेमियों ने हाजरी लगाई है बाबा सबकी मनोकामना पूर्ण करें। इस अवसर पर दूर-दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा लंबी-लंबी लाइनों में लगकर बाबा के दर्शनों के लिए अपनी श्रद्धा भावना प्रकट की वह कढ़ी चावल के लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण करके श्रद्धालुओं द्वारा सहभागिता की गई स इस दौरान सुरेश खुराना, नवीन खेड़ा, सतीश छाबड़ा, ज्ञानचंद बजाज, अंकित गगनेजा, निपुण गगनेजा दीवान चंद अनेजा ,दर्शन लाल फुटेला अंकित मदान, मिंटू गुंबर ,मिन्नी गुम्बर. कुनाल रस्तोगी, कपिल कुमार सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन ने आयोजित किया यलो बेल्ट टेस्ट

सितारगंज(उद संवाददाता)। डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में यलो बेल्ट टेस्ट




हुआ। जिसमें व्हाइट बेल्ट धारकों ने हिस्सा लिया। टेस्ट में विजयी रहे विजेताओं को यलो बेल्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रविवार को स्थानीय डीएन कॉन्वेंट स्कूल में डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एशोसिएशन ने व्हाइट बेल्ट धारकों का यलो बेल्ट टेस्ट कराया। टेस्ट में पचास से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें विजयी रहे वैभवी, काव्या, रीना, अमन, अवनि, दिव्यांशी, आन्या, रोहित, फैज, भरत और दीपक आदि बच्चों को मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता खूब सिंह 'विकल' ने यलो बेल्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विकल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तो वही वे शारारिक और मानसिक रुप से सशक्त बनते हैं। मुख्य प्रशिक्षक रामरेश राणा ने ताइक्वांडो के विषय में बताया। कार्यक्रम में समाजसेवी विशन दत्त जोशी, भाजपा नेता सरफराज अंसारी, डीएन कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक नरेश तिवारी, प्रदीप कुमार, भूपेंद्र मटयाली आदि ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में प्रदीप कुमार ने सभी का आभार जताया।

# देश में लोकतंत्र बचाने को आंदोलन की जरूरत : दीपंकर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देश को लोकतंत्र और लोकतांत्रिक अधिकार आजादी के साथ मिले।आज देश के मजबूत लोकतंत्र और उसे बचाने और जीवंत बनाने के लिए व्यापक एकता वाले आंदोलन की जरूरत है। यह बात भाकपा राष्ट्रीय सचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने भाकपा माले की उत्तराखण्ड राज्य कमेटी द्वारा नैनीताल में ष्वर्तमान समय में लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियांष विषय पर आयोजित व्याख्यान में अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि संविधान में तो न्यायपालिका,विधायिका, कार्यपालिका की शक्तियां अलग- अलग हैं। स्वयं के चुने होने के आधार पर मोदी सरकार बाकी दोनों स्तंभों को अपने मुताबिक चलाना चाहती है। कानून मंत्री इसीलिए निरंतर न्यायपालिका पर हमला बोल रहे हैं। न्यायपालिका में जवाबदेही और उसमें वंचित तबकों के प्रतिनिधित्व का सवाल अपनी जगह है, लेकिन न्यायिक आयोग बना कर मोदी सरकार, न्यायपालिका को भी चुनाव आयोग जैसा अपने दबाव में काम करने वाला बना देना चाहती है। यह न्यायपालिका के साम्प्रदायिकरण का रास्ता है। इसी तरह अग्निपथ फौज के ठेकाकरण की योजना तो है। अग्निपथ योजना के जरिये फौज के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म करना का गहरा षड्यंत्र रचा जा रहा है। कामरेड दीपंकर ने कहा




कि, मीडिया पर तो सरकार का कब्जा है ही, अब आई टी नियमों में बदलाव करके देश में जो वैकल्पिक माध्यमों के जरिए लोग अपनी बात कह रहे हैं, उसे भी खत्म करने की तैयारी है। यह संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी पर भी हमला है। इस अवसर पर माले पोलित ब्यूरो सदस्य डा. संजय शर्मा, राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, प्रो. एमसी जोशी, प्रो. एचसीएस बिष्ट, जहूर आलम, अधिवक्ता सैयद नदीम मून, अरुण रौतेला, एडवोकेट दुर्गा सिंह मेहता, बीएस मेहता, बहादुर सिंह जंगी, अतुल सती, मदन मोहन चमोली, पंकज भट्ट, एडवोकेट राजेन्द्र असवाल, एडवोकेट सुभाष जोशी, एडवोकेट पंकज जोशी, डा. कैलाश पाण्डेय, धीरज कुमार, ललित मटियाली, अंकित उचोली, प्रकाश पनेरु, अतुल सती, प्रकाश साथी, जय शाह, अजय आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन भाकपा माले नगर सचिव एडवोकेट कैलाश जोशी ने किया।

# धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रुद्रपुर द्वारा 16 अप्रैल को शहर के मनकामेश्वर मंदिर में आयोजित होने वाले परशुराम जयंती के भव्य कार्यक्रम के दृष्टिगत विम स्क्वायर कॉलोनी में डॉ कपिल शर्मा के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक दूसरे की राय से कार्यक्रम की भव्यता को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के लिए सभी को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों की क्विज प्रतियोगिता को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगर के अध्यक्ष पं. रवींद्र शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी अवगत कराते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री पं. सौरभ बहुगुणा होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता औरंगाबाद इलेक्ट्रिकल्स के डिप्टी सी.ओ.ओ पं. अनिल कुमार द्विवेदी करेंगे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की सफलता हेतु एक दूसरे से सहयोग की



कामना की। नगर के महामंत्री पं. संजीव शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम सभी विप्रजनों के आदर्श हैं। उनके जीवन से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान डॉ कपिल शर्मा ने भगवान परशुराम के विश्व कल्याण हेतु समर्पित जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव अपने कर्म व संस्कारों से समाज को नई दिशा प्रदान की है। इस मौके पर पं. राम प्रकाश शर्मा, पं. उमाकांत तिवारी, पं कमलेश शर्मा, पं. राजीव शर्मा, पं. विवेक शर्मा, पं. धनेंद्र शर्मा समेत आदि ब्राह्मण जन मौजूद रहे।

# 72 घंटों के भीतर होगा गेहूं खरीद का भुगतान: डीएम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। टीडीसी किसानों की गेहूं फसल खरीद का भुगतान पूरी तत्परता व समयबद्धता से गेंहू खरीद के 72 घंटों के भीतर करेगा। यह जानकारी देते हुए टीडीसी के प्रबंध निदेशक एवम जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि निगम द्वारा वर्तमान रबी सत्र में गेहूँ असंसाधित बीज क्रय करने हेतु पूर्ण व्यवस्थाये कर ली गयी है। कृषको को उनके आपूर्तित उत्पाद का भुगतान 72 घंटे की समय सीमा के अन्तर्गत किया जायेगा और कृषकों को अपनी उपज के भुगतान हेतु परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समय से भुगतान होने से किसाओं को विभिन्न दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि कृषकों को संयंत्रो पर अन्तःग्रहण सुचारू रूप से कराने हेतु सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। निदेशक मण्डल द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु 20 करोड रुपए की कार्यशील पूँजी की व्यवस्था की गई हैउन्होंने बताया कि निगम द्वारा वर्ष 2022-23 में कार्यशील पूँजी की व्यवस्था हेतु प्राप्त कैश क्रेडिट लिमिट का पूर्ण भुगतान 31 मार्च से पूर्व कर दिया गया है जो निगम द्वारा गतवर्ष में बीज विक्रय में



किये गये अथाक प्रयासो का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विगत दिवस देहरादून में अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन एवं निगम अध्यक्ष आनन्द वर्धन महोदय की अध्यक्षता में निगम के निदेशक मण्डल की 243वीं बैठक ए0पी0सी0 सभाकक्ष उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून में आहूत की गयी । बैठक अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन एवं निगम अध्यक्ष आनन्द वर्धन महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी । जिसमें गत वर्ष 2022-23 में निगम द्वारा किये गये मुख्य कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया तथा भावी कार्य कलापो के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही वर्ष 2021-22 के वार्षिक लेखो का अनुमोदन कराया गया। निगम के पुर्नोत्थान के लिए सुदृढ रणनीति तैयार करने के निर्देश दिये गये। भविष्य में निगम के सशक्तिकरण हेतु सभी आवश्यक प्रयास किये जायेगे, जिससे बीज उत्पादको के हित सुरक्षित रहे तथा निगम अपनी साख के अनुरूप उत्तराखण्ड व अन्य राज्यों यथा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड ईत्यादि राज्यों में बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए व्यवसायिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सके।

# चारधाम यात्री हमारे ब्रांड अम्बेसडर: राज्यपाल

## चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर राज्यपाल ने ली उच्चाधिकारियों की बैठक
## यात्रियों को सुविधायें समुचित सहयोग और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा की तैयारियों के संबंध में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में चारधाम यात्रा से जुड़े जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, संबंधित अन्य अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखण्ड की सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था की पहचान है। यात्रा को सहज, सुगम और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए विभागों सहित सभी हितधारकों का आपसी समन्वय जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि यह 09 से 05 की ड्यूटी नहीं है बल्कि इसमें प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को पूरे समर्पण भाव से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाला प्रत्येक यात्री हमारा ब्रांड अम्बेसडर है, हमारा प्रयास रहे कि वह यहां से संतुष्ट होकर जाएं। राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों के अनुभवों से सीख लेते हुए हमें इस वर्ष उन चुनौतियों से निबटने का प्लान तैयार किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर विभाग को अपने फर्स्ट रिस्पांडर यानी यात्रियों तथा आमजन के संपर्क में सबसे पहले आने वाले कार्मिकों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षित करना चाहिए। यही फर्स्ट रिस्पांडर यात्रियों की सहायता करते हैं और सफल यात्रा संचालन में इनका बड़ा योगदान होता है। उन्हें यह भी बताया जाए कि यात्रियों से किस प्रकार व्यवहार किया जाए और यात्रियों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं सहित उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। चारधाम यात्रा में स्थानीय लोगों की भागीदारी व उनका सहयोग अवश्य लिया जाए।उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान हमें अपनी सेवाओं में लगातार वैल्यू एडिशन करना होगा। इसके साथ-साथ नई तकनीकी जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, मोबाइल एप आदि के माध्यम से यात्रियों को सुविधाएं दी जाएं। राज्यपाल ने इस दौरान चारधाम यात्रा में विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों जिनमें पर्यटन विभाग, लोक निर्माण, पुलिस, परिवहन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, चिकित्सा, शहरी विकास, पेयजल,



आपदा प्रबंधन, नागरिक उड्डयन, पशुपालन सहित अन्य विभागों की वर्तमान तक की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी तैयारियां यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सुनिश्चित कर ली जायेंगी। बैठक में सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी ने बताया कि यात्रा के दौरान लगभग 1600 बसों को चिन्हित किया गया है, इसके अलावा 300 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जा रही है। यात्रा मार्ग पर चलने वाले सभी वाहनों को फिटनेस ग्रीन कार्ड जारी किये जा रहे हैं। सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर.राजेश कुमार ने बताया कि यात्रा मार्गों में हेल्थ एटीएम स्थापित किये जा रहे हैं, जिनमें 72 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध रहेंगी। स्थानीय स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य मित्र का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो होटल आदि में ठहरने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की इमरजेंसी होने पर सहायता करेंगे। अपर सचिव पर्यटन पूजा गर्ब्याल ने बताया कि इस वर्ष माह फरवरी से ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। अब तक चारधाम यात्रा के लिए 12 लाख से अधिक लोगों द्वारा पंजीकरण करवाया जा चुका है। वहीं हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसमें 2 हजार लोगों द्वारा पंजीकरण करवाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि धामों में दर्शन के लिए कतार प्रबंधन हेतु स्लॉट/टोकन व्यवस्था की शुरूआत की जायेगी, जिससे दर्शन के दौरान अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा। यात्रा मार्गों पर अस्थाई शौचालयों का कार्य गतिमान है। अपर सचिव नागरिक उड्डयन विभाग श्री सी.रविशंकर ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए 9 ऑपरेटर्स की हैली सेवाएं ली जा रही हैं जिनकी दरें निश्चित कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि आईआरसीटी के माध्यम से भी हैली सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग की जा रही है। हैली बुकिंग से संबंधित शिकायत निवारण प्रक्रिया के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती की जा रही है। प्रबंध निदेशक जीएमवीएन विनोद गिरी गोस्वामी ने बताया कि जीएमवीएन की ओर से अस्थाई टेंट कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यात्रा में आने वाले पर्यटकों हेतु 14 टूर पैकेजेज बनाये गये हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्षभर चलने वाले टीआरएच में आने वाले यात्रियों को उपहार स्वरूप स्थानीय उत्पाद प्रदान किये जायेंगे जिससे यात्री यहां से अच्छी यादें लेकर जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, सचिव नितेश कुमार झा, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव दिलीप जावलकर, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर डॉ.वी मुरूगेशन, आईजी गढ़वाल के.एस.नागन्याल, अपर सचिव नितिन सिंह भदौरिया, निदेशक शहरी विकास नवनीत पाण्डे सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्यटन सीजन के लिए सड़कों का करें सौन्दर्यीकरण: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में पर्यटन सीजन के दृष्टिगत सड़कों के सौन्दर्यीकरण आदि के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि कुमाऊँ मण्डल में आने वाले टूरिस्टों के लिए जनपद की सड़के भूमिका निभाती हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले टूरिस्ट जनपद की सड़कों से होकर गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट अपने साथ बेहद सु:खद व सुन्दर यादें लेकर जाये, इसके



लिए जनपद में टूरिस्ट आवागमन वाली सड़कों का सौन्दर्यीकरण किया जाये और सड़को को गड्ढामुक्त किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि झूलते हुए तारों को भी सही किया जाये और विभिन्न स्थानों पर कला, संस्कृति, पर्यावरण एवं जन-जागरूकता सम्बन्धी वॉल पेंटिंग्स आदि की संभावनाएं भी तलाश की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था दुरस्त रखी जाये और प्रमुख सड़कों के किनारे भी विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में आने वाले एवं जनपद के मार्गों से गुजरने वाले टूरिस्टों को पर्यटन प्रदेश में आने का अनुभव होने, यात्राएं सरल, सुखद एवं सुगम होने के साथ ही जनपद से अच्छी यादें व अनुभव लेकर जायें। बैठक में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश काण्डपाल, एनएचएआई मेनेजर अक्षत विश्नोई, सहायक मैनेजर मीनू, विद्युत, लोनिवि, जल संस्थान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## मृतक महिला के परिजनों को दिलाई आठ लाख की सहायता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित पिल्को हेल्थ केयर कंपनी में गत दिनों दुर्घटना कारण गम्भीर रूप से घायल हुई ट्रांजिट कैम्प नारयण कॉलोनी निवासी पूरन देवी की इलाज के दौरान बरेली के प्राइवेट हॉस्पिटल में मृत्यु हो गयी। वही महिला के चोटिल होने के दौरान परिजनों द्वारा महिला के इलाज में मदद हेतु कम्पनी के उच्च कर्मचारियों से मदद की गुहार लगाई थी, लेकिन कम्पनी के मनमाने रवैये ओर लापरवाही के चलते महिला की इलाज के अभाव में मौत हो गयी जिस पर परिजनों व ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के लोगो द्वारा कम्पनी के खिलाफ जमकर हंगामा काटा। सूचना मिलने



पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा भी मौके पर पहुँचे। उन्होंने मामले को लेकर कम्पनी में जाकर उच्च कर्मियों से वार्ता की। उन्होंने कहा इस प्रकार की दुर्घटना के बाद अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नही होगा।विधायक शिव अरोरा ने मृतक महिला के परिजनों को मानवीय सहानभूति के रूप में 8 लाख की सहायता कम्पनी से दिलवाई । विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से कम्पनी द्वारा सूझबूझ दिखाई गई होती तो उस महिला का जीवन बच सकता था। उन्होंने कहा ऐसे घटना भविष्य में भी किसी भी कम्पनी द्वारा सामने आती है तो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जायेगा। विधायक ने मृतका के परिजनों को ढांढस बंधाया उन्होंने कहा मेरी संवेदना परिवार के साथ है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, अनमोल विर्क, शिव कुमार गंगवार, हीरालाल गंगवार, डी के गंगवार, राजा भरद्वाज, कुलदीप खुराना, कैलाश राठौर,सोहन पाल, राधेश्याम, गोविंद शर्मा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक और डीएम ने उत्तराखण्ड की झांकी को दिखाई हरी झण्डी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2023 में प्रथम स्थान पर रही उत्तराखण्ड की झांकी 'मानसखण्ड' को विधायक शिव अरोरा तथा जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने सोमवार को जिला कार्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर आम जनता में दिखाये जाने के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि देवभूमि के लिए यह बहुत गौरव का समय है कि कर्तव्य पथ पर राज्य की मानसखण्ड पर आधारित झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उत्तराखण्ड की झांकी को राज्य



गठन के बाद से पहली बार प्रथम स्थान मिला है, जो हमारे लिये तथा देवभूमि उत्तराखण्ड के लिये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस झांकी में जागेश्वर मन्दिर, कार्बेट नेशनल पार्क, ऐपण कला, योग तथा वनों का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नैतृत्व में जिस प्रकार से अध्यात्म और देवभूमि का प्रचार प्रसार हो रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि झांकी को सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शनी हेतु रोका जायेगा और झांकी किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता, खटीमा होते हुए चम्पावत जिले में प्रवेश करेगी, जिससे कि सभी क्षेत्रवासियों को झांकी में जागेश्वर मन्दिर, कार्बेट नेशनल पार्क, ऐपण कला, योग तथा वनों का समावेश से तैयार सुन्दर झांकी के दर्शन हो सकें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, तहसीलदार नीतू डागर आदि उपस्थित थे।

## पदक विजेताओं को दक्ष स्पोर्ट्स अकैडमी ने किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विगत दिनों मध्यप्रदेश के देवास शहर में आयोजित हुई राष्ट्रीय जु-जित्सू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी वाले दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी, नानकमत्ता के चार खिलाड़ियों का मुख्य अतिथि फ्लॉरेंस स्कूल के प्रिंसिपल अजय वाजपेई, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल मान, नमिता वाजपेई ने सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम



नानकमत्ता द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नानकमत्ता नगर के फ्लोरेंस पब्लिक स्कूल में आयोजित हुए प्रतिभा सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के देवास शहर में आयोजित हुई राष्ट्रीय जुजित्सू प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने के मुख्य अतिथि अजय बाजपेई ने कहा कि खेल शिक्षा का ही अभिन्न अंग है और आधुनिकता के दौर पर खेल ना न केवल मनोरंजन का साधन मात्र है बल्कि आज खेलों में रोजगार की संभावना भी मौजूद है। खेलों की महत्वता में प्रकाश डालते हुए समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह मान ने कहा कि खेल व्यक्तित्व के बहुआयामी विकास में एक महत्वपूर्ण रोल अदा करता है। साथ ही दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई किशोर सिंह ने कहा कि नानकमत्ता क्षेत्र के खिलाड़ियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए संस्थान में प्रशिक्षण पूर्णतया निशुल्क कर दिया गया है। जिसका लाभ क्षेत्र के खिलाड़ी उठा सकते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कंचन बसेड़ा, बबलू सिंह, रोहन रंशवाल ने स्वर्ण पदक और अमन रंशवाल ने रजत पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला जुजित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, हिमा भट्ट, कंचन कांडपाल, होशियार सिंह बसेड़ा, पूरन परगाई, गीता जोशी, हेमा भट्ट, अभिषेक राजपूत, वसीम खान, यतेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, कमल सिंह, जय प्रकाश, गंगा मेहरा, देवेंद्र रावत, प्रभात डांगी सहित अनेकों खेल प्रेमी जनता ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## धार्मिक आयोजनों से शुद्ध होता है वातावरण: ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श इंद्र बंगाली कॉलोनी में स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक श्री श्री महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की इस दौरान श्री ठुकराल ने सभी भक्तजनों को नवरात्र पर्व की भी शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोजक कमेटी द्वारा कीर्तन मंडली राधा रमन सम्प्रदाय पिपलिया नंबर दो ,राधा-कृष्ण सम्प्रदाय दिनेशपुर,



घनश्याम सम्प्रदाय मालखान गिरी उड़ीसा,हरि गोपाल सम्प्रदाय धर्म नगर दिनेशपुर, राधे राधे सम्प्रदाय मियांपुर,माँ मोनोशा सम्प्रदाय पशिचम बंगाल आदि स्थानों से बुलाये गए एवं सुमधुर कंठ में क्षेत्रवासियों को महानाम सुनाया गया। भंडारे में आस पास के क्षेत्रों से भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। दुर्गा मंदिर प्रांगण आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को आयोजक कमेटी ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान ठुकराल ने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान कीर्तन मण्डलियों ने संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर , समाजसेवी संजय ठुकराल, पूर्व सभासद दिलीप अधिकारी, सतनाम सिंह ,महेंद्र आर्य ,कमल राणा ,बंटी कोली, सुदीप सिंह, गगन ग्रोवर , देवू मंडल , गोविंद राय ,गणेश सरकार, असीम समीद्दार ,सुखदेव मंडल ,संजय विश्वास ,रंजीत मंडल ,विक्रम राय ,संजय ढाली, संजीव विश्वास ,मनीष सरकार, सुजीत पाल, जयदेव पाल, पवित्र सील आदि लोग उपस्थित थे।

# रम्पुरा में गावा और शर्मा का हुआ जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा का रम्पुरा में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। दोनों पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुटने का संदेश दिया। स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि भाजपा सरकार से जनता का मोह भंग हो गया है। जनविरोधी सरकार ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। गैस सिलेंडर से लेकर तेल, आटा चावल दाल, चीनी दूध , डीजल पेट्रोल सब कुछ महंगा हो गया है। गरीब आदमी के लए आज दो वक्त की रोटी का इंतजाम करना मुश्किल हो गया है। ईलाज के अभाव में गरीब दम तोड़ रहे हैं। रोजगार नहीं मिलने की वजह से युवा वर्ग अवसाद में है आये दिन युवाओं द्वारा आत्म हत्या के मामले सामने आ रहे हैं। कोई सड़क पर ठेला लगाकर अपना भरण पोषण करना चाहता है तो उसे भी पुलिस बलपूर्वक हटाकर रोजी रोटी छीन रही है। कांग्रेस ने हमेशा गरीबों की भलाई के लिए काम किया है। सरकार पूंजीपतियों का भला कर रही है और गरीबों पर जुल्म कर रही है। गावा ने कहा कि कांग्रेस आम जनता के हितों को लेकर संघर्ष जारी रखेगी। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के रिकार्ड टूट चुके हैं। सरकार गरीबों पर अत्याचार कर रही है। जी 20 की आड़ में पिछले दिनों सैकड़ों कारोबारियों को सरकार के इशारे पर उजाड़ दिया गया क्यों कि सरकार पूंजीपतियों का लाभ पहुंचाना चाहती थी। शहर में आज समस्याओं का अंबार है। जनसमस्याओं का निस्तारण करने के बजाय सरकार गरीबों को उजाड़ने पर तुली है। शहर में जगह जगह कूडे के ढेर हैं। नगर निगम में भ्रष्टाचार के चलते विकास कार्य थम गये हैं। श्री शर्मा ने कहा कि शहर में गरीबों को उजाड़ने का खामियाजा भाजपा को आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा। श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी एकजुट हो जायें। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में पार्टी का परचम लहराने के लिए सभी को साथ लेकर पूरी ताकत से काम किया जायेगा। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और महानगर अध्यक्ष पद पर सीपी शर्मा की नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। कहा कि संगठन ने दोनों पदों पर उर्जावान और कर्मठ व्यक्तियों को कमान सौंपी है इसका लाभ पार्टी को आगामी चुनावों में मिलेगा। इस अवसर पर गोपाल भसीन,नंद किशोर, पवन वर्मा, मोहन खेड़ा, सियाराम, कोमिल राम, विजेन्द्र कोली, राकेश कोली, प्रेमपाल कोली, कुंवर पाल कोली, सुनील आर्य, हरी राम, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा विजेन्द्र कोली, विरेन्द्र कोली, श्याम कोली, राकेश कोली, बनासी दास, कोमिल राम, सियाराम कोली, नत्थू लाल कोली, शुभम रस्तौगी आदि थे।



# मीना शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र में लगाई चौपाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जय भारत सत्याग्रह के अंतर्गत उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र का व्यापक दौरा किया और जगह-जगह चौपाल लगाकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा ग्राम खटोला ग्राम खानपुर नंबर 2 ग्राम शिवपुर पहुंची जहां उन्होंने चौपाल लगाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को देशभर में भाजपा की बढ़ रही गुंडागर्दी से अवगत कराया और इससे डटकर मुकाबला करने का आह्वान किया। इससे पूर्व जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने श्रीमती शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस



अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि वह भाजपा की गुंडागर्दी से डरे नहीं बल्कि उससे डटकर मुकाबला करें उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जिस तरह से कांग्रेस के लोकप्रिय नेता और सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को समाप्त किया है उसकी देशभर में ही नहीं बल्कि विश्व भर में घोर निंदा हो रही है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जगह-जगह चौपाल लगाकर भाजपा की तानाशाही और उसकी गुंडागर्दी को बेनकाब करेंगे। चौपाल का संचालन खटोला ग्राम प्रधान और कांग्रेस नेता मुकेश राणा द्वारा किया गया । इस अवसर पर कांग्रेस नेता डॉ सुमिरन पांडे, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामप्रसाद, डॉक्टर सुमित राय, अनिल शर्मा, प्रभात साना, विनय ढाली, विकास दास, शिवपद, सोमल सिंह, चेतराम सिंह, मनेती देवी, नन्ही देवी, पूनम, कांति, पुष्पा, कुसुम देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे ।

# कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने दिये निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले कृमि मुक्ति दिवस के सम्बन्ध में चल रही तैयारियों की जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा की।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्था, मदरसों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एक भी बच्चा दवाई खाने से वंचित न रहे और यह भी सुनिश्चित किया जाये कि विभिन्न मेडिकल कारणों वाले बच्चों को दवाई न खिलाई जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि महाविद्यालयों, तकनीकि शिक्षण संस्थानों के साथ ही पैरामेडिकल कॉलेजों में भी 19 वर्ष तक की आयु वर्ग विद्यार्थियों को चिन्हित करते हुए दवाई खिलाई जाये। उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमन्तू बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंण्डाजॉल खिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 20 अप्रैल, 2023 को मॉप-अप दिवस पर दवाई खिलाई जाये। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दवाई समय से पहुॅच जाये। उन्होंने विकास खण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कराने, सभी विद्यालयों, मदरसों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों को दवाई खिलाने के तरीके एवं मानक संचालन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा ने बताया कि जनपद में 01 से 19 वर्ष तक के 685843 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय इमर्जेन्सी रेस्पोंस टीम में डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफीसर डॉ.हरेन्द्र मलिक तथा एसीएमओ डॉ.तपन शर्मा को रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 8 ब्लॉक स्तरीय इमर्जेन्सी रेस्पोन्स टीमे बनाई गई हैं। सीएमओ ने बताया कि 1 से 2 साल तक बच्चों को आधी टेबलेट तथा 03 साल तक के बच्चों को पूरी टेबलेट पानी में घोलकर पिलाई जायेंगी। उन्होंने बताया कि 3 से 19 वर्ष से बच्चों को पूरी गोली चबा-चबा कर खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि 01 से 19 साल के सभी बच्चों (लड़कों एवं लड़कियों) को आन्त के कृमि संक्रमण का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि तीव्र संक्रमण के कारण बच्चे थके हुए एवं अकसर बीमार रहने लगते हैं। बैठक में एसीएमओ डा0 हरेन्द्र मलिक, तपन शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, सीएमएस डा0 राजेश सिन्हा, डीपीएम हिमांशु मल्यूीव, डा0 सुषमा नेगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकीर शिक्षा हेम कन्याल, सहित जनपद के एमओआईसी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।



# मातृ-शिशु मृत्यु की गहनता से हो समीक्षा: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु गहनता से डेथ ऑडिट करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मातृ-शिशु मृत्यु की डेथ ऑडिट के दौरान गहनता से समीक्षा की जाये और बिन्दुवार डेथ ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि ऑडिट रिपोर्ट में आशा के कार्यों, दायित्व एवं जिम्मेदारी आदि विवरण को भी शामिल किया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि मरीज द्वारा दवाई ले-जाने से लेकर खाने तक की स्थिति को भी ऑडिट रिपोर्ट में शामिल किया जाये ताकि पेशन्ट के समय से दवाई खाने एवं न खाने का भी पता चल सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जौखिम वाले मरीजों को किसी भी दशा में घर न जाने दिया जाये बल्कि मरीज की स्थिति के अनुसार ईलाज संभव वाले हायर सेंटर के लिए ही रेफर किया जाये ताकि समय से ईलाज हो सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि मातृ-शिशु मृत्यु की शतप्रतिशत डेट ऑडिट की जाये ताकि कमियों का पता लगाते हुए कमियों को दूर किया जा सके।

# जीजीआईसी फाजिलपुर मैहरोला की तीन छात्राओं ने जीते पदक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जीजीआईसी फाजिलपुर मैहरोला, रुद्रपुर की तीन छात्राओं ने नेशनल जु-जित्सू प्रतियोगिता में पदक जीतकर विद्यालय, जिले के साथ-साथ उत्तराखंड राज्य का मान बढ़ाया। जिसके बाद पुनः विद्यालय लौटने पर सभी खिलाड़ियों को विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती पार्वती देवी सहित विद्यालय परिवार की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती पार्वती देवी ने कहा कि गर्व का विषय है कि आज हमारे विद्यालय की छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ खेल क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं और आगे कहा कि यह तीनों छात्राएं जु-जित्सू प्रशिक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ऋषि पाल भारती के दिशा निर्देशन में जु-जित्सू खेल का गहन प्रशिक्षण ले रही हैं। साथ ही पूरे विद्यालय परिवार ने प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती को भी उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। जानकारी देते हुए प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती ने बताया कि विगत दिनों मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स गवरमेंट ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान एवं जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के सौजन्य से दिनांक 27 से 31 मार्च 2023 तक श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्पोर्टस स्टेडियम देवास, मध्य प्रदेश में अयोजित हुई सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, एस्पिरेंट्स, एडल्ट्स, मास्टर्स व पैरा नेशनल जु-जित्सू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सम्पूर्ण भारत से 25 राज्यों के लगभग 2000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यालय की नवमीं कक्षा की छात्रा तन्नू ने अंडर 16 आयुवर्ग की (44 किग्रा भार) की जुजित्सू फाइटिंग इवेंट में अपने प्रतिद्वंदी राजस्थान, हरियाणा, तमिलनाडु, चंडीगढ़ की खिलाड़ियों को पराजित कर फाइनल में मणिपुर की खिलाड़ी का सामना करते हुए रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। अपने दूसरे डू ओ शो इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं की छात्रा लोरी ने अंडर 21 आयुवर्ग की (52 किग्रा भारवर्ग ) की कॉन्टैक्ट इवेंट में अपने प्रतिद्वंदी उत्तराखंड, हरियाणा, असम की खिलाड़ियों से कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें लोरी ने रजत पदक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं की छात्रा शिवानी ने अंडर 21 आयुवर्ग की (48 किग्रा भारवर्ग ) की ने-वाजा इवेंट में प्रदिद्वंदी जम्मू एंड कश्मीर, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली की खिलाड़ियों को पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। एवं हरियाणा की टीम से हार का सामना करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। अपने दूसरे इवेंट कॉन्टैक्ट में अपने प्रतिद्वंदी राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों को पराजित कर रजत पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर रमेश चंद्र आर्य, डॉ गुंजन अमरोही, जिला जुजित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, शुभा रावत (प्रभारी), बसंती रानी, संगीता नेगी, विनीता जगदीश चौधरी, शोभा देवी, विमला प्रसाद, ममता रानी, भावना रखोलिया, संतोष कुमारी, पूनम रानी, निधि वर्मा, कु. सुषमा (क्रीड़ा प्रभारी), अलका यादव, माया कुमारी सहित अनेकों अभिभावकों ने हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।



# हरि नाम मे ही समाहित है ईश्वरीय सुख: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श इंद्रा बंगाली कालोनी में चल रहे अखण्ड नाम सकीर्तन में पहुँचे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, जहाँ कमेटी के सदस्यों द्वारा उनको शाल ओढ़ाकर समान्नित किया। वही विधायक शिव अरोरा ने मा दुर्गा के चरणों मे नमन करते हुए समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। विधायक बोले इस महानाम रूपी अमृत समान कीर्तन का श्रवण करते हुए जीवन मे सुख के मार्ग की अनुभूति



होती है,वही विधायक शिव अरोरा ने हरि कृष्ण नाम पर गायक मंडली के साथ खूब थिरकते नजर आये। विधायक ने कहा महानाम कीर्तन में ईश्वर से जुड़ने ओर सत्कर्म करने के लिये मनुष्य को प्रेरणा मिलती है, उन्होंने कहा ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और समाज को संगठित करते है। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, ईश्वर मलिक, गणेश रॉय ,विनय विश्वास, महामंत्री सुनील ठुकराल,गौतम घरामी, विमल घरामी,विकास विश्वास,संजय आईस,गणेश सरकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Price | Time | Quality
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## संक्रमण में बढ़ोतरी

किसी भी त्रासदी का सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में लोग उससे बचने के लिए जितना भी संभव हो सके, वह सब करें। पिछले तीन साल के दौरान कोरोना विषाणु से उपजी महामारी की मार का जैसा दुखद अनुभव रहा है, उसमें यह वक्त की जरूरत है कि सरकार, सभी अस्पताल, संस्थान से लेकर आम लोग तक, अपनी ओर से हर स्तर पर सावधानी बरतें।फिलहाल यह चिंता इसलिए भी सता रही है कि बीते कुछ दिनों से एक बार फिर कोरोना के संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि अभी सरकार की ओर से यह कहा गया है कि इसे लेकर अनावश्यक भय फैलाने की जरूरत नहीं है, मगर सतर्क रहना चाहिए। इसे एक उचित सलाह माना जाना चाहिए, क्योंकि किसी भी स्थिति में बीमारी या कोई अन्य त्रासदी के वक्त डरने के बजाय सबसे ज्यादा जरूरत धीरज के साथ उसका सामना करने की होती है।अगर समझ-बूझ के साथ उससे निपटने के इंतजाम किए जाएं, लोग अपनी तरफ से विषाणु से बचाव के सभी तौर-तरीके अपनाएं तो कोई कारण नहीं कि इसके खतरों से पार पाना मुश्किल हो। लेकिन अगर बचाव के बजाय लापरवाही बरती गई तो याद किया जाना चाहिए कि शुरुआती दो साल में कोरोना के संक्रमण और उसकी मार ने दुनिया भर में कैसी त्रासदी पैदा की। गौरतलब है कि अकेले दिल्ली में बीते एक हफ्ते में कोरोना विषाणु के संक्रमण के तीन हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए और इसमें तेज बढ़ोतरी देखी गई है। देश के अन्य कुछ राज्यों में भी इसके संक्रमण से चिंता पैदा हो रही है। लेकिन इसका सामना करने के अन्य उपायों के समांतर अभी सबसे ज्यादा जरूरत इससे बचाव के उपायों के प्राथमिक तरीकों को लेकर सभी स्तर पर गंभीरता बरतने की है।इसके मद्देनजर ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को देश में कोविड-19 की स्थिति को लेकर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान कोविड से संबंधित जांच और जीनोम सीक्वेंसिंग के साथ कोरोना से बचाव के लिए निर्धारित नियमों के पालन पर गंभीरता बरतने को लेकर भी बात हुई। खासतौर पर सभी राज्यों को स्वास्थ्य सुविधाओं और इससे संबंधित बुनियादी ढांचे को लेकर समीक्षा पर ध्यान देने को कहा गया।दरअसल, करीब तीन साल पहले जब इस महामारी की शुरुआत हुई थी, तब इस तरह की मुश्किल स्थिति अचानक पैदा होने की वजह से स्वास्थ्य के मोर्चे पर इसका सामना करने के मामले में कई स्तर पर गंभीर चुनौतियां खड़ी हुई थी। हालांकि तब भी सरकार की ओर से ऐसे इंतजाम किए गए, जिसकी वजह से काफी हद तक हालात पर काबू पाया जा सका। मगर इसी दौरान यह भी समझने का मौका मिला कि इस विषाणु की प्रकृति किस तरह एक स्वरूप में स्थिर नहीं है और इसके बदलते और नए बहुरूपों से निपटने के लिए एक दीर्घकालिक सुचिंतित नीति की जरूरत है। यही वजह है कि बीच में कोरोना विषाणु की मारक क्षमता का जोर कम होने, टीकाकरण और अन्य स्तर पर व्यापक उपाय करने जैसी स्थितियों के बावजूद सरकार ने इस पर गहरी नजर रखी और इससे बचाव को लेकर समय-समय पर दिशानिर्देश जारी किए जाते रहे। इसके बावजूद हकीकत यह है कि कोरोना के बहुरूपों ने दुनिया भर में बचाव के उपायों को लेकर सिर्फ सजग रहने का ही विकल्प छोड़ा है। इस साल एक बार फिर अचानक ही इससे संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसे लेकर निश्चित रूप से अभी घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन इस मसले पर बचाव के उपायों को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

# 'शिक्षा की ओर' विषयक अवॉर्ड सेरिमनी में 70 मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

रामनगर(उद संवाददाता)। एएमजीआर ट्रस्ट के तत्वावधान में पिछले दिनों प्रदेश स्तर पर आयोजित कराई गई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 70 छात्र-छात्राओं को भव्य समारोह के दौरान नगरपालिका के सभागार में स्कॉलरशिप, स्कूल बैग, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शशिक्षा की ओरश विषयक अवॉर्ड सेरिमनी कार्यक्रम में रामनगर के विधायक दीवान सिंह बिष्ट बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में बाबा नीम करौली हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर सिद्धार्थ शर्मा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एसपीएस रावत एवं मशहूर सिंगर व यूट्यूबर शेखर जायसवाल की मौजूदगी दर्ज रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों एएमजीआर ट्रस्ट द्वारा प्रदेश स्तर पर पांच ग्रुपों में 50 स्कूलों को साथ लेकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में उपरोक्त सभी पांचों ग्रुप के प्रथम स्थान प्राप्त



करने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप के रूप में 10 हजार रुपए नगद, स्कूल बैग, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी तरह द्वितीय स्थान के पांच छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में 5 हजार रुपयों की नकदी के अलावा प्रशस्ति पत्र मोमेंटो व स्कूल बैग प्रदान किए। ऐसे ही तृतीय स्थान पर रहे पांच प्रतिभागियों को भी 2 हजार रुपयों की नगद धनराशि के अलावा प्रशस्ति पत्र मोमेंटो व स्कूल बैग प्रदान किए। समारोह के दौरान बाकी के बच्चों को भी ट्रस्ट के द्वारा स्कूल बैग मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे देश का भावी भविष्य है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर बच्चों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसी तरह ट्रस्ट के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक संतोष श्रीवास्तव ने ट्रस्ट के क्रियाकलापों की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से ट्रस्ट के माध्यम से स्कूली बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रस्ट की ओर से फ्री ऑनलाइन क्लास कराने की योजना है। इसके अलावा मेधावी बच्चों को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर आदि के क्षेत्र में भी दक्ष किया जाएगा। समारोह के दौरान ट्रस्ट की डायरेक्टर श्वेता श्रीवास्तव के अलावा दिवेश रंजन, पंकज कुमार, विक्की कुमार, अनीस मंसूरी समेत शिक्षा की ओर टीम के सभी सदस्य क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य मौजूद रहे।

# हर भाजपाई इस समय गा रहा मजार,मजार..!

## पूर्व सीएम हरदा का तीखा हमला: अतिक्रमणकारियों का सम्पूर्ण ब्यौरा पेश करे धामी सरकार

देहरादून(उद ब्यूरो)। पूर्व सीएम एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने उत्तराखंड के जंगलों में हो रहे अवैध



अतिक्रमण और मजारों को अब सूबे की धाकड़ धामी सरकार द्वारा हटाने को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए अपने अंदाज में सियासी तंज भी कसा है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक फेसबुक पोस्ट के जरिये पूर्व सीएम हरीश रावत ने सीएम पुष्कर सिंह धामी के बयान के बाद अपनी टिप्पणी में कहा है कि उत्तराखंड बीजेपी इस समय मजार शरणम गच्छामि और साथ-साथ जनसंख्या असंतुलन का अस्त्र भी पहना कर रहे हैं। लगता है कि 2024 के लिए उनको अपने कार्यों पर विश्वास नहीं रह गया है। महंगाई, बेरोजगारी, असहिष्णुता, महिला और गरीबों का उत्पीड़न, आर्थिक असमानता, इन सब सवालों से बचने के लिए हर भाजपाई इस समय मजार, मजार, मजार, मजार, मजार गा रहा है। मगर ये नहीं बता रहे हैं कि जंगल की भूमि में कुल कितने अतिक्रमण हैं और इन अतिक्रमणकारियों का ब्यौरा किस प्रकार है, जाति वार, धर्म वार, जिला वार, फॉरेस्ट डिविजन वार, कुछ तो आंकड़े आपके पास होंगे? फिर पता चलेगा कि अवैध निर्माणों के पक्ष में कौन खड़ा होता है और कौन खड़ा नहीं हो रहा है? जनसंख्या असंतुलन का राग भी पुराना राग है भाजपा का। मगर कोई व्यक्ति बिजली के दाम क्यों बढ़ा दिए? पानी के दाम क्यों बढ़ा दिए ? हाउस टैक्स क्यों बढ़ा दिया ? जमीन के सर्किल रेट क्यों बढ़ा दिए आदि-आदि सवालों को न पूछें या गन्ने के रेट क्यों नहीं बढ़ाए, यह सवाल न पूछ डालें! इसलिए एक गाना लगा दिया है जनसंख्या असंतुलन, जनसंख्या असंतुलन, यह 2012 से वर्ष वार वो संख्या बता दीजिए जिसकी वजह से असंतुलन बड़ा है, आंकड़े तो आपके पास होंगे वह आंकड़े राज्य के लोगों के सम्मुख रख दीजिए वर्ष 2012 से 2022, 2023 तक, जब तक रखना चाहें। यदि राज्य में कुछ घुसपैठ बढ़ रही है तो उसको रोकेगा कौन? 6 साल से तो आप सरकार में हैं ! पहले रोहिंग्या-रोहिंग्या कहते थे, बताओ न ये इन 8 सालों के अंदर कितने रोहिंग्या बांग्लादेश वापस भेजे हैं, संख्या बताइए न? बांग्लादेशी, बांग्लादेशी कहते रहे कितने बांग्लादेशियों को आपने पिछले 9 सालों के अंदर बांग्लादेश वापस भेजा है, उसकी संख्या भी बताइए! तुष्टीकरण-ध्रुवीकरण, यही राग भाजपा को आता है। विकास व जन कल्याण से, सामाजिक न्याय से भाजपा का कोई वास्ता है ही नहीं!

# मेंहदीपुर से आई बाबा की ज्योत के भक्तों ने किये दर्शन

सितारगंज(उद संवाददाता)। श्रीबालाजी मण्डल सितारगंज के तत्वाधान में श्री सनातन धर्म मंदिर में विगत वर्षों



की भाँति इस वर्ष भी श्रीहनुमान जन्मोत्सव बडेघ् धूमधाम के साथ महन्त राजेन्द्र अग्रवाल दिनेशपुर वालों के सानिध्य में लगा। हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों ने घाटा मेंहदीपुर से बाबा की अखण्ड ज्योत के दर्शन करे, बाबा को छप्पन भोग का भोग लगाया गया।शाहजहांपुर से आये गायक आदित्य पंडित व बरेली से पधारी भजन गायिका प्रिया पुजारिन ने अपनी मधुर वाणी से बाबा के सुन्दर भजनों से बाबा भक्तों को झूमने को विवश कर दिया।गायक आदित्य पंडित ने तेरी माहिमा जग में गूंज रही और मेरे बालाजी महाराज आओ दर्शन दो और मेंहदीपुर के बालाजी तेरे दर्शन करने आवेंगे आदि भजनों ने शमा बांधा। रुद्रपुर गदरपुर किच्छा नानकमत्ता खटीमा शक्तिफार्म से भी बहुत अधिक संख्या में बाबा भक्तों ने अपनी सहभागिता निभाई। विशाल भण्डारे में भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर महेश मित्तल,सुरेश जैन, नत्थु लाल गोयल,राम अवतार गोयल,नरेश कंसल,विनोद रस्तोगी, प्रदीप शर्मा,पवन मित्तल, भीमसेन गर्ग, विनय गर्ग,बिट्टू ग्रोवर,तरुण ग्रोवर, सुनील गर्ग, मुकेश गर्ग,लाल सिंह, मोहन गर्ग, संगीता मित्तल,सरोज कंसल, राजरानी गर्ग,रेनू गर्ग,लाजवती आदि रहे।

# प्रवेशोत्सव एवं विशेष भोज का आयोजन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नगर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भुजिया में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर कालरा परिवार द्वारा स्वर्गीय श्री सुभाष कालरा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर बच्चों के लिए विद्यालय में विशेष भोज का आयोजन किया गया ।जिसमें बच्चों के लिए हलवा, पूड़ी, पुलाव, मटर पनीर बनवाया गया। माता शकुंतला देवी जी के साथ उनके परिवार से बेटा दीपक बहु रचना, बेटा पवन बहु शमा, बेटा गौरव बहु नीरू व पौत्र मनोमय और नैतिक तथा कुछ मित्र राघव कुमार सिंह , मौसिन और सुरेश चंद्र की उपस्थिति में सभी बच्चों को गिफ्ट



वितरित किए गए ।विद्यालय में किए इस विशेष भोज पर उन्होंने अपनी प्रसन्नचित अभिव्यक्ति भी दी। और भविष्य में आवश्यकता होने पर हर संभव सहायता का वचन भी दिया।बच्चों के व्यवहार और उनकी खुशी देख कर सभी बहुत खुश हुए इसी बीच कई बच्चों का नवीन प्रवेश भी किया गया।कार्यक्रम की हर गतिविधि में पूरे परिवार ने अपना साथ दिया।विद्यालय परिवार की ओर से कालरा परिवार को पुनीत कार्य हेतु धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# संजय कपूर से की मुलाकात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयर पर्सन श्रीमती मीना शर्मा



ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिलासपुर उत्तर प्रदेश से कांग्रेस के पूर्व विधायक और मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय कपूर से मुलाकात कर राजनीतिक हालातों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि श्री कपूर रविवार को किच्छा विधायक और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ के आवास पर उनका हाल जानने पहुंचे थे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा गौरव राज बेहड़ आरिफ खान अरविंद सक्सेना दिनेश मौर्या असलम जावेद आदि उपस्थित थे।

# संकीर्तन में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। इंदिरा आदर्श बंगाली कॉलोनी राजीव नगर में श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन में पहुंचकर महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा और महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने संकीर्तन में प्रतिभाग किया और पुण्य



लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर संकीर्तन आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद कांग्रेसी नेताओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर गौतम घरामी, अशोक मंडल, खगोपती विश्वास, विकास विश्वास, रंजीत मंडल, संजय आईस, विधान सरकार, हेमलता मजूमदार, जयदेव मदक, डॉ विमल घरामी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्वामी इंस्टीट्यूट के तीन बच्चों का राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में चयन


गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर के जागरूक शिक्षा संस्थान स्वामी इंस्टीट्यूट में अध्ययनरत सोहम पोपली, निकुंज मेलकानी व रीत खुराना का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हो गया है। संस्थान के प्रबंधक विशाल सक्सेना ने बताया कि उनके शिक्षा संस्थान से हर बार बच्चों का चयन घोड़ाखाल, जवाहर नवोदय, राजीव गांधी नवोदय व प्रेमा



जगती में चयन होता है जिसका कारण स्टाफ द्वारा बच्चों को गहनता से शिक्षा प्रदान करना है। विशाल सक्सेना व समस्त स्टाफ ने बच्चों को उपहार प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की स इस मौके पर अभिषेक सक्सेना, वैभव , शीना खेड़ा, डॉली गुम्बर, पलक सूद, पलक बाथला, मोना, शिवा व बच्चों के अभिभावक गण आदि मौजुद थे।

# ठाकुर जी को मालसा भोग लगाकर हुआ महानाम संकीर्तन का समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में गत सात अप्रैल से प्रारंभ हुए 24 प्रहर व्यापी अखण्ड महानाम संकीर्तन का आज प्रात: धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पुजारी हरे कृष्ण दास द्वारा विधि विधान से ठाकुर जी को मालसा भोग लगाने के साथ ही विश्राम दिया गया। तत्पश्चात संकीर्तन मंडली द्वारा मृदंग मंजीरे के साथ संकीर्तन करते हुए ग्रहण किए गए नाम को वार्ड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्थापित किए गए श्री तुलसी माता पौध स्थल पर समर्पित किया गया। आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंचे। गत रात्रि विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, परिमल राय, दिलीप अधिकारी, संजय ठुकराल, सतनाम सिंह, महेंद्र आर्य सहित अनेक गणमान्य लोगों ने संकीर्तन स्थल पर पहुंचकर ठाकुर जी का आर्शीवाद प्राप्त किया। महानाम संकीर्तन के दौरान कृष्ण पद दास, जुदिप्ति दास व प्रमिला गोस्वामी निरंतर हरिनाम की माला जपते रहे।आयोजकों द्वारा प्रति दिन प्रात: एवं सायंकाल विशाल भंडारे का वितरण भी किया गया। अखंड महानाम संकीर्तन में धर्मनगर दिनेशपुर की हरि गोपाल सम्प्रदाय संकीर्तन मंडली, पिपलिया नम्बर दो से राधा रमन सम्प्रदाय, दिनेशपुर से राधा कृष्ण सम्प्रदाय, मलखान गिरी, उड़ीसा से घनश्याम सम्प्रदाय, मियांपुर उत्तर प्रदेश से राधे राधे संप्रदाय तथा पशिचम बंगाल से मां मोनोशा संप्रदाय संकीर्तन मंडलियो ने गत सात अप्रैल से निरंतर महानाम संकीर्तन किया। जिसकी धुन में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव में खुद को समर्पित करते रहे। व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में आयोजन कमेटी के अध्यक्ष गौतम घरामी, उपाध्यक्ष रंजीत मंडल, संजय विश्वास, संजय ढाली, सुजीत पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, सचिव असीम समद्दार, कोषाध्यक्ष सुखदेव मंडल, उप सचिव जयदेव पाल व आडिटर पवित्र शील, विकास विश्वास, गोबिंद राय आदि का अहम योगदान रहा। महानाम संकीर्तन के सपापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान प्रियंका मंडल, ह्रदय मंडल, श्यामल राय, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दीपंकर साना, संजय आइस, असीम सरकार, चंचला पाण्डे, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, सपन साना, मध ु सरकार, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, गौरव राय, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, खगोपति विश्वास, अशोक राय, बाबू दास, भरत सिकदार, नीरू ढाली, सिमरन विश्वास, गौरंग विश्वास, मनोज विश्वास, वनमाली शील, विवेक गुप्ता, आशा सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गोविन्द सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुनीता साना, श्याम सरकार, शिपाली हालदार, मिथुन चक्रवर्ती, पुष्पा सरकार, कल्पना मदक, वकुल वर्मन, अंजली गोलदार, देवू मंडल, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, सुंदरी, कविता मंडल, देवदास सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मध ु सरकार, सुनीता हालदार, सविता मजूमदार, आरती राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन बीवीविश्वास, चंदना सरकार, माया बैरागी, ऊषा विश्वास, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।



# मॉकड्रिल में परखी कोविड से निपटने की तैयारियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोविड के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में पंडित राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर में कोविड मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। सोमवार सुबह 10 बजे स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि जिले में दो कोविड मरीज मिले हैं, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से तुरंत मेडिकल कॉलेज लाया गया। मनीष निवासी ट्रांजिट कैंप को खांसी जुकाम के सामान्य लक्षण थे ।प्राथमिक जांच के बाद वह कोरोना नेगेटिव पाया गया, जिसके बाद उसे दवा देकर अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। दूसरे मरीज अतुल निवासी केलाखेड़ा की जांच करने पर वह कोरोना पॉजिटिव मिला। हालत गंभीर होने पर कोविड चिकित्सकों की टीम ने उसे तुरंत आई सी यूं वार्ड में भर्ती कर दिया गया, जहाँ पर उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रख दिया गया। इस मौके पर मौजूद स्थानीय विधायक माननीय शिव अरोरा ने कहा कि यदि कोरोना बढ़ता है तो शासन ने इसके लिए पूरी तैय्यारी कर रखी है और इसी स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की तैय्यारियों का जायजा लेने के लिए मौकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। एडीएम जय भारत सिंह ने कहा कि कोरोना के बढ़ते हुए मामलों के मद्देनजर आज मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण किया गया जिसमे सब कुछ दुरुस्त मिला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि कोविड-19 संक्रमण वर्तमान में फिर से प्रसारित हो रहा है। कोविड संक्रमण को पुन: महामारी का रूप लेने से रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में इस मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है ।मौकड्रिल में चिकित्सालयों में संचालित समस्त कोविड सेवाओं और दवाओं की स्थिति का आंकलन किया जा रहा रहा है । मौकड्रिल में जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पी.के. सिन्हा, डॉ. एम.के.तिवारी, डॉ. उदयशंकर,डॉ. नागेन्द्र सिंह, डॉ. बलजीत कौर, डॉ. संजीव गोस्वामी, समेत ज्योति जोशी, हरेन्द्र सिंह, कविन्द्र गोस्वामी समेत जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज के अन्य अधि कारी और कर्मचारी आदि मौजूद रहे।



# विपक्ष की आवाज कुचलकर सवालों से भाग रही भाजपा सरकार: आर्य

सितारगंज(उद संवाददाता)।नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार देश में विपक्ष की आवाज को चुप कराने के लिए किसी भी हद तक तक जा रही है। देश में संवैधानिक संस्थाओं का भी दुरपयोग हो रहा है। विपक्ष देश के सवाल बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों को सदन व सड़क पर उठाता है विपक्ष को सदन में बोलने का अवसर तक नही दिया जा रहा है। विपक्ष के सवालों का जबाब नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में लोकतंत्र कहां बचा है। कांग्रेस नेता हरपाल सिंह के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल पूछा कि एक कंपनी में 20 हजार करोड़ रूपया किसका है। उस कंपनी में शामिल चीनी नागरिक कौन है। जबाब देने के बजाय सरकार क्यों असहज हुई उल्टा राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मुकदमे में जिस प्रकार सरकार ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जल्दबाजी में समाप्त करने से सरकार की नियत साफ होती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राहुल गांधी ने चार हजार किमी की पद यात्रा की। समाज के सभी वर्गों की समस्याओं को बारीकी से जाना। लेकिन केंद्र सरकार ओबीसी विरोध ी बताकर भ्रम फैलाकर देश में जनता की समस्याओं से ध्यान भटका रही है।नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि राज्य में नौकरियों के लिए न्याय की मांग करने वालों को सरकार ने जेल भेज दिया। विधानसभा में मुद्दे उठाये। लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है। यशपाल आर्य ने कहा कि उद्योगों में राज्य के युवाओं को 70 प्रतिशत रोजगार के मुद्दे पर चुप है। सरकार को बेरोजगारी और महंगाई से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्रियां व बेरोजगारों का पलायन पर सुनने को तैयार नहीं है। अफसरशाही बेलगाम हैं। समाज का हर वर्ग परेशान है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर आगामी चुनावों के लिए जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेसजनों से जन समस्याओं के मुद्दे पर संघर्ष करने के लिए कहा। सितारगंज पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया। यहां जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, नवतेज पाल सिंह, कुंवर शिववर्धन सिंह, नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, पूर्व नगर अध्यक्ष हरपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करन जंग, जिलानी अंसारी, युसुफ मलिक, सतीश जेके, विपिन खोलिया, सोनू जायसवाल, वसीम मियां, शाकिर अली, आजम मलिक, मुखतयार अंसारी, राहुल कुमार मौजूद रहे।



# एसएसपी इलेवन बनी प्रथम सर्विसेस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता की चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में जिले में चल रही प्रथम सर्विस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसएसपी इलेवन उधम सिंह नगर और आईजीएल काशीपुर के मध्य एमिनिटी स्कूल ग्राउंड पर खेला गया। एसएसपी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों के खेल में 3 विकेट खोकर 231 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें सुरेंद्र बिष्ट के शानदार 40 गेंदों पर 113 रन, अंशुल पांडे के 60 और कमल गोस्वामी ने 22 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। आईजीएल काशीपुर की तरफ से ललित रावत ने 2,और कुंदन ने 1 विकेट लिया । लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईजीएल काशीपुर की पूरी टीम 110 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें शशांक सैलेरिया ने 27, चंदन सिंह ने 15 और कुंदन ने 12 रनों का योगदान दिया। एसएसपी इलेवन की तरफ से विकास रावत ने 4 ,पंकज सामंत ने 2 और भगत परिहार ने 2 विकेट लिए। एसएसपी इलेवन ने आईजीएल काशीपुर को 121 रनों के विशाल रनों के अंतर से हराकर प्रथम सर्विसेस क्रिकेट प्रतियोगिता के चौंपियन बन गई । इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुरेंद्र बिष्ट रहे। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सुरेंद्र बिष्ट रहे। मैच के अंपायर सतेंद्र मिश्रा और अमनदीप ऑनलाइन स्कोरिंग मनदीप सिंह द्वारा की गई ।इस अवसर पर के मुख्य अतिथि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा और उधम सिंह नगर के एसएसपी और विशिष्ट अतिथि डॉ मंजूनाथ टीसी द्वारा उपविजेता और विजेता को ट्रॉफी प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईजीएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुधीर अग्रवाल व आईजीएल के वाइस प्रेसिडेंट मधुप मिश्रा के द्वारा विजेता टीम को 11000 और उपविजेता टीम को ᪷7500 देकर सम्मानित किया गया एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी द्वारा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सुरेंद्र बिष्ट को 2500 देकर सम्मानित किया गया। एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी के एमडी सुभाष अरोरा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग राजीव चौधरी , जितेंद्र छाबड़ा, शिशिर शर्मा, राजेंद्र सक्सेना ,लियाकत अली, नवीन टम्टा ,पवन सहगल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के अध्यक्ष अजय तिवारी , बलवंत सिंह, आफताब आलम, गौरव तिवारी ,संदीप, हिमांशु शुक्ला ,पवन आजाद संदीप बडौनी, हरषवीर सिंह, सुनील चौहान, शैलेश सिंह, गुलशन बजाज और विनोद पवार, मंच का संचालन संदीप बधौनी ,तमाम वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित रहे।




# चिकित्सकों ने होमियोपैथी के जनक डा. हैनिमैन की जयंती धूमधाम से मनाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन उत्तराखंड द्वारा नगर के जेपीएस चौराहे स्थित श्री हरिहर होमियोपैथिक क्लीनिक पर सोमवार को होमियोपैथी के जनक डा. हैनिमैन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न जगहों से आए वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया। इस दौरान चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ हेमंत चौहान ने की इस दौरान सभी चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से डा. हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस अवसर पर डा. चौहान ने विश्व होम्योपैथी दिवस की प्रासंगिकता और डा. हैनिमैन की जयंती पर प्रकाश डाला। कहा कि बिना किसी साइड इफेक्ट के कम से कम दवाओं द्वारा बड़ी से बड़ी बीमारियों का संपूर्ण निदान ही होम्योपैथ की पहचान है। कार्यक्रम के आयोजक डा. कपिल शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। कहा कि होम्योपैथी के प्रति शासन प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसके माध्यम से एक बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जा सके। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ भूपेंद्र गंगवार, डॉ विष्णुकांत त्रिपाठी, डॉ अंकुर वर्मा, डॉ रजत छाबडा, डॉ सौरभ यादव, डॉ नीलम कोहली, डॉ भावना चौहान, डॉ राहुल वर्मा, डॉ अंबिका तोमर, डॉ सत्यम कश्यप, नवीन कोहली, लाखन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पत्रकारों ने शोक जताया

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माता जी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के आकस्मिक निधन पर जिस पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पत्रकारों ने सितारगंज के निजी आवास में एकत्र होकर दो मिनट का मोन धारण कर शोक प्रकट कर दुख जताया व दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्राथना किया । इस मौके पर उत्तरांचल दर्पण के संबाददाता विक्की मण्डल,मनोज रॉय,विक्की चौधरी,एहसान अंसारी, तनवीर अंसारी,चरन सिंह, नवीन निराला, विट्टू अंसारी, अश्वनी दीक्षित, अमर सिंह,भोला सिंह, परवेश राणा, हरिमोहन,गुरनाम सिंह, अंकित सिंह आदि मौजूद थे।